11 अंडरट्रायल से लाखों रुपये वसूले जा रहे, अलग बैरक और विशेष सुविधाएं देने की शिकायत, डिप्टी सुपरिंटेंडेंट बलवीर सिंह फरार

सेंट्रल जेल में कैश फॉर कम्फर्ट का खेल:करोड़ों का जीएसटी घपला करने वाले आरोपी, लाखों में ले रहे हैं वीआईपी ट्रीटमेंट

अशवनी पाहवा/सौरव अरोड़ा
लुधियाना | समर न्यूज

लुधियाना सेंट्रल जेल में कैदियों को पैसे लेकर कथित तौर पर विशेष सुविधाएं उपलब्ध करवाने का मामला सामने आने के बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया है। जेल में बंद जीएसटी मामलों से जुड़े 11 अंडरट्रायल आरोपितों से कथित तौर पर लाखों रुपये लेकर उन्हें अलग बैरक में रखने और वीआईपी ट्रीटमेंट देने के आरोप लगे हैं। शिकायत जेल विभाग के उच्च अधिकारियों तक पहुंचने के बाद मामले की जांच करवाई गई। जांच के बाद पुलिस थाना डिवीजन नंबर-7 में एफआईआर दर्ज हुई और इसमें नाम आने पर जेल के डिप्टी सुपरिंटेंडेंट बलवीर सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जेल विभाग की प्रिंसिपल सेक्रेटरी भावना गर्ग (आईएएस) की ओर से जारी निलंबन आदेश में थाना डिवीजन नंबर-7 में दर्ज एफआईआर नंबर 227 का हवाला दिया गया है। आदेश के अनुसार जांच के दौरान उक्त एफआईआर में बलवीर सिंह का नाम सामने आया, जिसके बाद विभाग ने उनके खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की। निलंबन अवधि के दौरान उन्हें चंडीगढ़ स्थित जेल विभाग के मुख्यालय में तैनात रहने के निर्देश दिए गए हैं। वह विभाग की अनुमति के बिना मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगे।

11 आरोपियों से रकम लेने का आरोप



Government of Punjab
Department of Jails
(Jails Branch)

A complaint with regard to the preferential treatment/placement of certain GST-case undertrials in Central Jail, Ludhiana was received at the Head Office of ADGP Prisons, Chandigarh. Shri Rajesh Kumar AIG Head Quarter was deputed for preliminary inquiry. As per the inquiry report submitted by the officer, the allegations regarding payment of money for preferential placement of certain inmates in Central Jail, Ludhiana were levelled against Sh. Balvir Singh, Additional Superintendent.

2. On the basis of preliminary inquiry report, a FIR No. 227 dated 11.09.2026 has been registered at Police Station Division No. 7, Ludhiana under Sections 7 and 8 of the Prevention of Corruption Act, 1988 and Section 52-A of the Prisons Act, 1894, in which Shri Balvir Singh, Additional Superintendent, Central Jail, Ludhiana has been named as an accused.

3. In view of the seriousness of the allegations and the disciplinary proceedings contemplated against him, Shri Balvir Singh, Additional Superintendent, is hereby placed under suspension with immediate effect under the applicable provisions of the Punjab Civil Services (Punishment and Appeal) Rules, 1970, Part II 4(1)(b).

4. During the period of suspension, he shall be entitled to subsistence allowance as admissible under the rules. His headquarters during suspension shall be Chandigarh and he shall not leave headquarters without prior permission of the competent authority.

Dated, Chandigarh:11.09.2026
Bhawna Garg, I.A.S
Principle Secretary to Government of Punjab
Department of Jails.

Endt No. JAIL-JAIL/16/2026-1(f)/1500826/2026 Dated, Chandigarh: 11.09.2026
Copy of above is hereby sent to the following for further necessary action:
1) Additional Director General of Police (Prisons), Punjab, Chandigarh.
2) Superintendent, Central Jail Ludhiana.
3) Concerned Official, Through ADGP(Prisons), Punjab, Chandigarh.

Manjeet Singh Randhawa P.S.S-1
Superintendent

मामले में सामने आई शिकायत के अनुसार जेल में बंद 11 जीएसटी मामलों से जुड़े अंडरट्रायल आरोपितों से कथित तौर पर अलग-अलग रकम ली गई। आरोप है कि दो से चार लाख रुपये तक की रकम लेकर उन्हें अन्य कैदियों से अलग रखने और जेल के भीतर विशेष सुविधाएं उपलब्ध करवाने की व्यवस्था की गई। हालांकि, इन आरोपों की अंतिम पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी। मामले की जांच जेल विभाग के एआईजी मुख्यालय राजेश कुमार की ओर से की गई बताई गई है। जांच कमेटी ने जेल में आरोपितों को कथित तौर पर दी जा रही सुविधाओं और उनसे जुड़े रिकॉर्ड की जांच की। इसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा।

▪ गिरफ्तारी से बचने को फरार होने का आरोप: *एफआईआर में नाम आने के बाद बलवीर सिंह के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी है। वही अधिकारी पर गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार होने के आरोप भी सामने आए हैं। पुलिस मामले में कथित लेनदेन, आरोपितों को उपलब्ध करवाई गई सुविधाओं और इसमें शामिल अन्य लोगों की भूमिका की जांच कर रही है।*

▪ जेल की सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल... *इस मामले ने लुधियाना सेंट्रल जेल की सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए हैं। जेल के भीतर इससे पहले भी मोबाइल फोन, नशे, प्रतिबंधित सामान और कैदियों को कथित विशेष सुविधाएं मिलने के मामले सामने आते रहे हैं। वर्ष 2021 में जेल के अंदर कैदियों के हुक्का पीने का वीडियो सामने आने के बाद जेल स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई हुई थी। वर्ष 2024 में बैरक के अंदर कैदियों की कथित बर्थडे पार्टी का वीडियो वायरल होने के बाद भी मामला चर्चा में आया था। ताजा मामले में अब जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि कथित तौर पर रकम किसके माध्यम से ली गई, उसका इस्तेमाल किस तरह हुआ और क्या इस पूरे मामले में जेल के अन्य अधिकारी या कर्मचारी भी शामिल थे। शिकायत और एफआईआर में सामने आए आरोपों की जांच पूरी होने के बाद ही पूरे नेटवर्क की तस्वीर साफ हो सकेगी। जेल विभाग की कार्रवाई ने कैदियों को मिलने वाली सुविधाओं और अधिकारियों की निगरानी व्यवस्था को लेकर नए सवाल खड़े कर दिए हैं।*

▪ सिविल अस्पताल में भी वीआईपी ट्रीटमेंट के आरोप... *इलाज के लिए सिविल अस्पताल लाए जाने वाले कैदियों व हवालातियों को भी कथित तौर पर सामान्य मरीजों से अलग सुविधाएं देने के आरोप लगते रहे हैं। कुछ कैदियों को कई दिनों तक भर्ती रखकर अलग खानपान समेत अन्य सुविधाएं दी जाती थीं। कई बार तो अस्पताल में लाये गये आरोपियों को शराब सेवन की सुविधा देने के आरोप भी लगाए गए हैं। जिसके बाद सिविल सर्जन के हस्तक्षेप के बाद कैदियों और हवालातियों को भर्ती करने लिए तीन डॉक्टरों के बोर्ड का नतीजा आना तय किया गया।*

मजदूरी के 4-5 हजार को लेकर ठेकेदार से विवाद, 22 वर्षीय युवक ने फंदा लगाया

अशवनी पाहवा/शेखर वर्मा
लुधियाना | समर न्यूज

फील्डगंज इलाके में 22 वर्षीय युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में अपने कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। युवक का शव पंखे की कुंडी से चुन्नी के सहारे लटका मिला।

परिजनों ने आरोप लगाया कि युवक की करीब 4-5 हजार रुपये की मजदूरी ठेकेदार ने रोक रखी थी और पैसे मांगने पर उसे कथित तौर पर जलील व परेशान किया जाता था। परिवार ने इसी प्रताड़ना को युवक के आत्मघाती कदम का कारण बताया है। घटना बुधवार सुबह करीब 10:30 बजे की है। पुलिस के अनुसार मृतक का भतीजा बाइक निकालने के लिए कमरे में गया तो अंदर का मंजर देखकर उसकी चीख निकल गई।

उसने तुरंत परिवार के सदस्यों को इसकी सूचना दी। इसके बाद पुलिस को जानकारी दी गई। युवक की ठेकेदार के पास 4-5 हजार रुपये की मजदूरी बकाया थी। आरोप है कि भुगतान मांगने को लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था।

परिवार का दावा है कि घटना से पहले भी पैसे को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई थी। परिजनों ने बताया कि युवक के पिता की पहले ही मौत हो चुकी थी और वह चाचा सहित संयुक्त परिवार के साथ रहता था। घटना के बाद परिवार में मातम छा गया। परिजनों ने पुलिस से ठेकेदार के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मौत से पहले मां को भेजा वीडियो, पति व ससुराल पर लगाए आरोप; पति गिरफ्तार

सहजप्रीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज

थाना टिब्बा क्षेत्र में 30 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले ने सनसनी फैला दी है। मौत से कुछ समय पहले महिला ने अपनी मां को वाट्सएप पर करीब एक मिनट 20 सेकेंड का वीडियो भेजकर पति और ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए।

वीडियो में वह रोते हुए प्रताड़ना, गाली-गलौज और मारपीट की बात कह रही थी। इसके बाद महिला ने अपनी जान दे दी। पुलिस ने मृतका की मां की शिकायत पर पति समेत तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर मुख्य आरोपित पति को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका की पहचान शमीना उर्फ शमा (30) के रूप में हुई है। करीब 11 वर्ष पहले उसकी शादी ऋषि नगर निवासी अजय मेहरा उर्फ अज्जू से हुई थी। मृतका की मां लक्ष्मी ने पुलिस को बताया कि अजय नशे का आदी था और कथित तौर पर अक्सर शमीना के साथ मारपीट करता था। परिवार ने उसे नशा छुड़ाने के लिए केंद्र में भर्ती कराया था, लेकिन वह वहां से भागकर वापस आ गया। लक्ष्मी के अनुसार, 13 सितंबर की रात करीब 8:27 बजे शमीना ने वाट्सएप पर वीडियो भेजा। इसमें उसने पति अजय, ताई सास सत्या और उसकी बहू रिंपी पर लगातार परेशान करने और गाली-गलौज करने के आरोप लगाए।

वीडियो देखने के बाद परिजनों ने कई बार फोन किया, लेकिन शमीना ने जवाब नहीं दिया। कुछ देर बाद अजय ने लक्ष्मी को फोन कर शमीना की मौत की सूचना दी। इसके बाद वह मौके से फरार हो गया। एएसआई बलजीत सिंह पुलिस टीम और महिला सिपाही रंजीत कौर के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया और परिजनों को सौंप दिया।

हैबोवाल में 22 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध मौत, पंखे से लटका मिला शव

अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज

हैबोवाल के जसियां रोड इलाके में सोमवार शाम 22 वर्षीय विवाहिता रजनी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव घर के कमरे में पंखे की कुंडी से चुन्नी के सहारे लटका मिला।

मृतका रजनी।

सूचना मिलते ही थाना हैबोवाल की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। घटना के बाद मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस ने मृतका के पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मृतका के भाई शिवम, निवासी बीआरएस नगर, ने बताया कि सोमवार शाम करीब 6 से 6:30 बजे उसके जीजा का फोन आया था। फोन पर बताया गया कि रजनी ने फंदा लगा लिया है। शिवम के अनुसार, वह पुलिस के साथ करीब आधे घंटे में मौके पर पहुंचा, जहां रजनी का शव कमरे में पंखे से लटका मिला। उसने आरोप लगाया कि शव की स्थिति देखकर मारपीट के बाद हत्या कर शव को लटकाए जाने का संदेह है।

मृतका की मां माया देवी ने भी ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया। रजनी की करीब तीन साल पहले शादी हुई थी और उसकी एक छोटी बेटी है। परिवार का दावा है कि वह करीब दो माह की गर्भवती थी। परिजनों ने बताया कि शादी के बाद से पति-पत्नी में विवाद रहता था। जांच अधिकारी एएसआई अमर सिंह ने बताया कि शव का डॉक्टरों के बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

गन प्वाइंट पर दो कारें लूटने की कोशिश, नाकाम रहे

अशवनी पाहवा/सहजप्रीत सिंह
लुधियाना | समर न्यूज

महानगर में बुधवार सुबह दो हथियारबंद बदमाशों ने गन प्वाइंट पर लगातार दो कारें लूटने का प्रयास कर सनसनी फैला दी। दोनों वारदातों में बदमाशों ने कार चालकों पर पिस्टल तानकर गाड़ियां छीनने की कोशिश की, लेकिन दोनों बार वे सफल नहीं हो सके।

दूसरी वारदात के दौरान चालक की मां के शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्र हो गए, जिसके बाद बदमाश फरार हो गए। भागते समय उन्होंने मॉर्निंग वॉक कर रहे एक व्यक्ति को टक्कर मारकर घायल कर दिया। पहली वारदात सुबह करीब 7:30 बजे रख बाग के पास हुई। मेडिकल स्टोर संचालक निशु बैडमिंटन खेलने के लिए कार में बैठ रहे थे। इसी दौरान दो युवक पहुंचे और शीशा नीचे करवाकर उनकी कनपटी पर पिस्टल तान दी। बदमाशों ने कहा कि उन्हें केवल कार चाहिए। निशु ने सूझबूझ दिखाते हुए चुपके से कार की चाबी निकाल ली और बाहर आ गए। बदमाश कार लेकर भागे, लेकिन चाबी न होने के कारण कार कुछ दूरी पर बंद हो गई। इसके बाद वे पैदल फरार हो गए। इसके बाद बदमाशों ने मुनीश मल्होत्रा की कार को निशाना बनाया। पिस्टल दिखाकर कार छीनने की कोशिश की, लेकिन तकनीकी कारण से कार स्टार्ट नहीं हुई। मुनीश की मां के शोर मचाने पर लोग जमा हो गए। भागते समय बदमाशों ने मॉर्निंग वॉक कर रहे डेयरी संचालक अशोक मल्होत्रा को टक्कर मारकर घायल कर दिया। थाना डिवीजन नंबर-5 की पुलिस ने जांच शुरू कर सीसीटीवी फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। पुलिस बदमाशों की पहचान और उनके भागने के रास्ते का पता लगाने में जुटी है।

पंडाल में सोता रहा युवक चोर उड़ा ले गया पंखा

सहजप्रीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज

शहर में गणपति उत्सव के लिए लगाए गए पंडाल से दिनदहाड़े फर्राटा पंखा चोरी होने की हैरान करने वाली घटना सामने आई है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जिस समय चोर वारदात को अंजाम दे रहा था, उसी दौरान पंडाल के अंदर एक युवक चारपाई पर सो रहा था। चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

सिंगर सिनेमा की बैक साइड स्थित रणजीत सिंह पार्क में गणपति उत्सव को लेकर पंडाल लगाया गया है। मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे एक अज्ञात व्यक्ति पंडाल में दाखिल हुआ। उसने बिना किसी जल्दबाजी के पहले आसपास का जायजा लिया। वह सीधे पंखे के मेन स्विच के पास पहुंचा और प्लग निकाल कर पंखा लग गया।

मुंडिया में युवक के चेहरे पर दातर से किए वार

सहजप्रीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज

थाना फोकल प्वाइंट के अधीन आते मुंडिया इलाके में मंगलवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब कुछ युवकों ने 20 वर्षीय युवक को घेरकर तेजधार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में युवक के चेहरे और सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल युवक को उसके दोस्तों ने तुरंत निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां वह आईसीयू में उपचाराधीन है।

घायल की पहचान खताल हुसैन उर्फ खाऊ (20) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि खताल मुंडिया इलाके से गुजर रहा था। इसी दौरान कुछ हमलावरों ने उसे घेर लिया। आरोप है कि हमलावरों ने दातर से उसके चेहरे पर कई वार किए।

बिजली कटौती व कथित नाजायज बिलों के खिलाफ शिअद का लुधियाना पूर्वी में धरना

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज

प्रदर्शन करते और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते रणजीत ढिल्लों।

बिजली की कटौती और कथित नाजायज बिजली बिलों के खिलाफ शिरोमणि अकाली दल (शिअद) की ओर से हलका वार किए जा रहे रोष धरनों की कड़ी के तहत लुधियाना पूर्वी विधानसभा हलके में काकोवाल रोड स्थित बिजलीघर के बाहर धरना दिया गया। धरने की अगुवाई शिअद नेता रणजीत सिंह ढिल्लों ने की।

धरने के दौरान अकाली नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बिजली कटौती तथा कथित गलत एवं नाजायज बिलों के मुद्दे को लेकर सरकार के खिलाफ रोष जताया और उपभोक्ताओं को राहत देने की मांग की। इस अवसर पर सरबजीत सिंह लाडी, डॉ. अश्वनी पासी, बलविंदर सिंह एम.डी., कमलजीत निक्कू ग्रेवाल, सिमरनजीत हनी, कमल अरोड़ा, तेजा सिंह खालसा, नेक सेखेवाल, सिमरनजीत सिंह समरा, हरप्रीत हंस, अशोक बेदी, सतपाल कोचर, मानव, गुरजीत सिंह, रतन वड़ैच, मुनीष सहगल, बलवीर भिंडर, करनैल सिंह, संतोक सिंह, बलकार आनंदपुर, हरदीप मुल्तानी, नरेंद्र लाली, स्वर्ण सिंह, जोध सिंह, राजन अरोड़ा, गुरप्रीत सिंह, सुरजीत सिंह, मनजीत जोशन, कुलदीप सैनी, धवन, निर्मल पाड़ी, कीमती लाल सिंह खालसा, नवाब मलिक, सचदानंद, जसप्रीत सिंह, रणजीत बजाज, परमजीत पम्मा, जगसीर सिंह, बलवंत सिंह, जरनैल सिंह जैला, मनदीप सैनी, दलजीत सिंह, कुतबुद्दीन रामू और मोहम्मद अहसान सहित अकाली नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

चैरिटेबल अस्पताल के दो वर्ष पूरे होने पर शुकराना अरदास और बैठक

नीलकमल मोनू | लुधियाना
समर न्यूज

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, हर्नाम नगर, मॉडल टाउन की वर्किंग कमेटी तथा गुरुद्वारा साहिब द्वारा संचालित श्री गुरु रामदास चैरिटेबल अस्पताल सोसायटी के दो वर्ष पूरे होने की खुशी में 16 सितंबर 2026, बुधवार को शुकराना अरदास एवं विशेष बैठक का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम सुबह 9 बजे श्री गुरु रामदास चैरिटेबल अस्पताल के कार्यालय में आयोजित किया गया। इस अवसर पर अस्पताल की मासिक सेवा में सहयोग देने वाले सदस्यों की बैठक भी हुई। प्रबंधक कमेटी की अपील पर सभी सदस्यों से शुकराना अरदास में उपस्थित होकर गुरुद्वारा साहिब एवं अस्पताल की बेहतरी के लिए अपने बहुमूल्य सुझाव दिए। श्री गुरु रामदास चैरिटेबल अस्पताल सोसायटी की ओर से संगत के सहयोग से स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। अस्पताल में प्रतिदिन लगभग 400 से 500 तक लोग ओपीडी सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं। 200 से अधिक लोगों को लैब टेस्ट, एक्स-रे, ईसीजी तथा अल्ट्रासाउंड जैसी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

अस्पताल में सुबह और शाम दोनों समय ओपीडी सेवाएं संचालित की जा रही हैं। प्रबंधक कमेटी ने कहा कि संगत के सहयोग से अस्पताल की ओर से स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने सदस्यों से अपील की कि वे शुकराना अरदास में अपनी हाजिरी भरने के साथ-साथ बैठक में शामिल होकर अस्पताल एवं गुरुद्वारा साहिब की बेहतरी के लिए अपने सुझाव दें।

नारी शक्ति' के तहत स्टिचिंग व लर्निंग सेंटर शुरू

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज

वर्धमान स्पेशल स्टील्स लिमिटेड (वीएसएसएल) ने अपनी कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) पहल 'नारी शक्ति' के तहत लुधियाना में स्टिचिंग एवं लर्निंग सेंटर की स्थापना की है।

यह केंद्र एनजीओ बंदू हेल्पिंग हैंड्स के सहयोग से विकसित किया गया है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को सिलाई एवं अन्य कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अवसर उपलब्ध करवाना है। केंद्र का उद्घाघाटन नगर निगम के जोनल कमिश्नर जसदेव सेखों ने किया। इस अवसर पर पंजाब स्टेट रूरल लाइवलीहुड कमिशन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

उन्होंने वीएसएसएल द्वारा समाज के कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की।अधिकारियों ने कहा कि महिलाओं को कौशल विकास के अवसर उपलब्ध करवाकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण है।

पीएम जनसेवा के 25 वर्ष पूरे होने पर दीप प्रज्वलित करें : सुनील मौदगिल

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज

भारतीय जनता पार्टी लुधियाना के जिला अध्यक्ष सुनील मौदगिल ने लुधियाना वासियों से अपील की है कि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितंबर को शाम 7 बजे अपने-अपने घरों में एक दीया जलाकर उनके स्वस्थ, दीर्घायु जीवन और राष्ट्रसेवा के लिए आशीर्वाद प्रदान करें।

सुनील मौदगिल ने कहा कि 17 सितंबर का दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के साथ-साथ उनके 25 वर्षों की जनसेवा और राष्ट्रसेवा के ऐतिहासिक सफर का भी महत्वपूर्ण पड़ाव है। मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में लंबे समय तक देश और जनता की सेवा करना उनके सार्वजनिक जीवन की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। केंद्र सरकार ने भी जून 2026 में प्रधानमंत्री मोदी के लगातार 25 वर्षों तक सरकार के प्रमुख के रूप में सेवा के ऐतिहासिक पड़ाव को रेखांकित किया था। उन्होंने कहा कि 17 सितंबर की शाम 7 बजे जलाया जाने वाला प्रत्येक दीया कृतज्ञता, शुभकामना और जन आशीर्वाद का प्रतीक होगा।

यह दीपक केवल अंधकार को दूर करने वाली रोशनी नहीं, बल्कि देश की प्रगति, समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य के संकल्प का भी प्रतीक बनेगा। मौदगिल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा गरीबों, किसानों, महिलाओं और वंचित वर्गों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की गई हैं। इन योजनाओं के माध्यम से करोड़ों लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया गया है।

चोपहरा समागम श्रद्धालुओं ने गुरबाणी कीर्तन व धार्मिक समागम में की शिरकत

जप-तप समागम में हजारों की संख्या में संगत नतमस्तक

नीलकमल मोनू | लुधियाना
समर न्यूज

मॉडल टाउन एक्सटेंशन स्थित गुरुद्वारा शहीद बाबा दीप सिंह जी में आयोजित जप-तप चौपहरा समागम में हजारों की संख्या में संगत ने पहुंचकर गुरु चरणों में नतमस्तक होकर श्रद्धा एवं सत्कार के साथ माथा टेका। समागम के दौरान गुरुद्वारा साहिब का पूरा परिसर गुरु की महिमा और गुरबाणी की मधुर ध्वनि से गूंजता रहा।

दूर-दूर से पहुंची संगत ने धार्मिक समागम में शामिल होकर गुरु घर की खुशियां प्राप्त कीं। समागम के दौरान संगत ने गुरबाणी कीर्तन, पाठ एवं धार्मिक कार्यक्रमों का श्रवण किया। श्रद्धालुओं ने बड़ी श्रद्धा के साथ गुरु घर में अपनी हाजिरी लगाई और परिवार की सुख-शांति एवं सरबत के भले की अरदास की। सुबह से ही गुरुद्वारा साहिब में संगत की आमद शुरू हो गई थी तथा दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। समागम में पहुंचने वाली संगत की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गुरुद्वारा साहिब की प्रबंधक कमेटी की ओर से विशेष प्रबंध किए गए थे।

संगत के बैठने, दर्शन करने तथा गुरु के लंगर की व्यवस्था को सुचारू ढंग से चलाने के लिए सेवादारों की ड्यूटियां लगाई गई थीं। सेवादारों ने पूरी श्रद्धा एवं सेवा भावना के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभाईं। इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब के मुख्य सेवादार सरदार सुरिंदरपाल सिंह बिंद्रा, जनरल सचिव सुखविंदरपाल सिंह सूदन, नवप्रीत सिंह बिंद्रा, हरप्रीत सिंह राजधानी, जसविंदर सिंह सोढ़ी, अमरपाल सिंह सूदन तथा गुरुद्वारा साहिब के ट्रस्टी सरदार अमरजीत सिंह ढिल्लों सहित अन्य सेवादारों ने समागम में सहयोग किया। समागम में शामिल होने वाली संगत के लिए गुरु का लंगर अटूट बरताया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर गुरु का लंगर ग्रहण किया। संगत की सेवा में सेवादार लगातार जुटे रहे। कमेटी की ओर से लंगर एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर विशेष ध्यान रखा गया, ताकि किसी भी श्रद्धालु को परेशानी का सामना न करना पड़े।

समागम की सफलता एवं बड़ी संख्या में संगत की उपस्थिति के लिए गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने समूह संगत का धन्यवाद किया। कमेटी सदस्यों ने कहा कि संगत की श्रद्धा और सहयोग ही सबसे बड़ी शक्ति है।

पंजाब के राजनीतिक भविष्य व अधिकारों की रक्षा को लेकर कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह : हरबीर सिंह

भुपिंदर शान | लुधियाना
समर न्यूज

ऐतिहासिक मेला छपार के अवसर पर आयोजित होने वाले राजनीतिक सम्मेलन की तैयारियों के सिलसिले में दाखा निर्वाचन क्षेत्र के सुजापुर गांव में अकाली दल वारिस पंजाब के नेताओं, कार्यकर्ताओं, जुझारू युवाओं और सभी ग्रामीणों की एक विशेष और प्रभावी बैठक आयोजित की गई।

इस अवसर पर बोलते हुए हरबीर सिंह अयाली ने कहा कि इतिहास गवाह है कि छप्पर सम्मेलन ने हमेशा पंजाब के राजनीतिक माहौल को दिशा दी है और यह मंच राज्य की राजनीति को एक नई दिशा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन पंजाब के किसानों के अधिकारों, युवाओं के उज्ज्वल भविष्य, बेरोजगारी उन्मूलन और पंथ, पंजाब और पंजाबियत की सच्ची आवाज उठाने के लिए एक ऐतिहासिक मंच साबित होगा।

इस मौके पर लवजोत सिंह सन्नी, अर्शप्रीत सिंह, जगदीश सिंह, उजागर सिंह, बलवीर सिंह, सुखदेव सिंह, सुखजिंदर सिंह, सुखराज सिंह, गुरदीप सिंह, बलदेव सिंह, कुलजीत सिंह, नरविंदर सिंह, बिंदर सिंह, बलवंत सिंह, नरिंदर सिंह, लवप्रीत सिंह होबी, गुरदेव कौर, बलजिंदर कौर, करमजीत कौर, गुरमीत कौर, सुखदीप कौर, बलजीत कौर, नरिंदर कौर, मनदीप कौर, गुरजीत कौर, संदीप कौर मौजूद रहे।

ग्रुप एडिटर: अर्शदीप सिंह। एग्जीक्यूटिव एडिटर : नितिन उपमन्यु । मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। *समाचार चयन के लिए PRP एक्ट के तहत जिम्मेदार। सभी विवादों का न्यायाधिकार क्षेत्र लुधियाना होगा। RNI No. CHMUL/25/A1155